नवभारत
www.navbharatlive.com

# जेल कुएं के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन

■ पुणे (सं). फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इसके सीएसआर पार्टनर, मुकुल माधव फाउंडेशन ने राजस्थान के दौसा जिले में स्थित विशेष केंद्रीय जेल सैलावास में एक कुएं के जीर्णोद्धार और पुनरुद्धार का उद्घाटन किया. यह पहल एफआईएल-एमएमएफ की अपने व्यापक सीएसआर प्रयासों के हिस्से के रूप में स्थायी जल प्रबंधन और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.



समारोह में राजस्थान जेल विभाग की पुलिस महानिदेशक मोनिका अग्रवाल, एसपी जेल सौरभ स्वामी और जेलर राजेश डूकिया तथा उद्योग प्रभारी लवकुश गुर्जर सहित गणमान्य उपस्थित थे. एफआईएल और एमएमएफ का प्रतिनिधित्व करने वालों में वेस्ट जोन के सेल्स हेड चिराग पगधर, सेल्स हेड नितिन जैन, जयपुर सेल्स हेड आशीष शर्मा, उन्नति सेल्स के पंकज खंडेलवाल, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रिटेलर दौसा हेमंत चतुर्वेदी और एमएमएफ प्रतिनिधि नितुल बारोट शामिल थे.

Pune plus Edition
Jan 31, 2025 Page No. 2
Powered by: navbharatlive.com